# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखण्ड)
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांकः केयू / मान्यता / 2023–24 / 793 दिनांकः 27-10-2023

सेवा में,

1. परिसर निदेशक
   डी.एस.बी. परिसर, नैनीताल / सर.जे.सी. बोस. परिसर, भीमताल।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / कुलानुशासक, डी.एस.बी. परिसर, नैनीताल।
3. परीक्षा नियंत्रक, कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल।
4. प्राचार्य / छात्रसंघ प्रभारी समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल।

महोदय / महोदया,

कृपया कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल से सम्बद्ध परिसर / राजकीय महाविद्यालययों में छात्रसंघ / छात्रपरिषद के आगामी चुनाव सम्पन्न कराने के लिए गहन विचार विमर्श हेतु मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 26.10..2023 के अपराह्न में 3.00 बजे से ऑनलाइन माध्यम से बैठक सम्पन्न हुई, जिसका कार्यवृत्त आवश्यक कार्यवाही हेतु इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

**संलग्नः यथोपरि**

भवदीय

**(दिनेश चन्द्रा)**
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि :** निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।

**(दिनेश चन्द्रा)**
**कुलसचिव**

# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखण्ड)
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

## छात्र संघ निर्मात्री समिति की बैठक दिनांक 26.10.2023 की कार्यवाही

**उपस्थिति** :–

1. प्रो0 डी0 एस0 रावत, कुलपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल। अध्यक्ष
2. श्री दिनेश चन्द्रा, कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल। सदस्य सचिव
3. प्रो0 नीता बोरा शर्मा, परिसर निदेशक, डी.एस.बी. परिसर, नैनीताल।
4. प्रो0 एल. के. सिंह, परिसर निदेशक, सर जे.सी. बोस परिसर, भीमताल।
5. प्रो0 संजय पंत, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डी.एस.बी. परिसर, नैनीताल।
6. प्रो0 एच.सी.एस. बिष्ट, कुलानुशासक, डी.एस.बी. परिसर, नैनीताल।
7. डॉ0 महेन्द्र राणा, परीक्षा नियंत्रक, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

**सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य/छात्र संघ प्रभारी** :–

8. डॉ0 डी. सी. पंत
9. डॉ0 एन.एस. बनकोटी
10. डॉ0 एस. भगत
11. डॉ0 चंदन नेगी
12. डॉ0 देवेन्द्र लाल
13. डॉ0 अनिल कुमार श्रीवास्तव
14. डॉ0 जी.एस. यादव
15. डॉ0 गुरूेन्द्र सिंह
16. डॉ0 अशोक कुमार
17. डॉ. एच. सी. भाकुनी
18. डॉ0 कीर्ति पन्त
19. डॉ0 महेश कुमार
20. डॉ0 सर्वजीत सिंह
21. डॉ0 सुशीला सूद
22. डॉ0 आशुतोष कुमार
23. डॉ0 राजविंदर कौर
24. डॉ0 संजय कुमार
25. डॉ0 एम.सी. पाण्डे
26. डॉ0 एस.एस. मौर्या
27. डॉ0 सुभाष वर्मा
28. डॉ0 तरूण आर्यन
29. डॉ0 विमला सिह
30. डॉ0 प्रमोद वर्मा
31. डॉ0 विमला सिंह

# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखण्ड)
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

**कार्यवाहीः—**

सर्वप्रथम मा0 कुलपति जी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का परिचय लेने के उपरान्त कुलसचिव कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा छात्र संघ निर्मात्री समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया तदोपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**मद सं0 : 01**

छात्र संघ चुनाव 2023—24 हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 07. नवम्बर, 2023 के सम्बन्ध में समिति अवगत कराने विषयक।

**निर्णय :**

उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड के पत्रांक : डिग्री विविध—(विविध) 4434/2023—24 दिनांक 25 अक्टूबर, 2023 के क्रम में वर्तमान शैक्षिक सत्र 2023—24 में विश्वविद्यालय के अधीन परिसरों एवं महाविद्यालययों में छात्र संघ चुनाव सम्पन्न कराये जाने के क्रम में दिनांक 20.10.2023 को कुलपतियों की बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में राजकीय विश्वविद्यालय के अधीन परिसरों एवं महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2023—24 के छात्र संघ चुनाव दिनांक 07 नवम्बर, 2023 को सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में समिति अवगत हुयी।

**मद सं0 : 02**

विश्वविद्यालय छात्र संघ में छात्रसंघ संविधान एवं लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुसार छात्र संघ चुनाव सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में विचार—विमर्श।

**निर्णय :**

शासन द्वारा उत्तराखण्ड में विश्वविद्यालय/सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव में एकरूपता, व्यवस्थित, मितव्ययता तथा लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुसार प्रस्तर—6.2 के अन्तर्गत निम्नवत् प्राविधानिक धनराशि एवं छात्र संघ चुनाव में प्रयुक्त की जाने वाली सामाग्री में पूर्व वर्ष की भांति पोस्टर, बैनर एवं पैम्पलेट इत्यादि चुनाव प्रचार की सामाग्री हस्त निर्मित होनी चाहिए तथा चुनाव में खर्च की जाने वाली धनराशि निम्नवत् व्यय की जायेगी।

| क्र0सं0 | छात्र संख्या | खर्च की जाने वाली अधिकतम धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | 10 हजार से कम | रु0 25.00 हजार |
| 2 | 10 हजार से अधिक | रु0 50.00 हजार |

**मद सं0 : 03**

प्रस्तावित छात्र संघ चुनाव के सम्बन्ध में चुनाव कार्यक्रम निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में विचार विमर्श।

# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखण्ड)
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

**निर्णय :**

छात्र संघ चुनाव को पूरे प्रदेश स्तर में परिसर एवं समस्त महाविद्यालयों में एक साथ करवाये जाने हेतु पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष अर्थात 2023–24 में निम्नवत प्रस्तावित चुनाव कार्यक्रम पर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी :–

| क्र. सं. | प्रस्तावित चुनाव कार्यक्रम (छात्र संघ/छात्र परिषद) | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | छात्र संघ चुनाव सम्बन्धी अधिसूचना जारी की तिथि | 01.11.2023 (बुधवार) |
| 2 | छात्र संघ नामांकन हेतु प्रपत्रों की बिक्री | 02.11.2023 (बृहस्पतिवार) पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक |
| 3 | छात्र संघ चुनाव हेतु नामांकन | 03.11.2023 (शुक्रवार) पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक |
| 4 | नामांकन प्रपत्रों की जांच | 04.11.2023 (शनिवार) पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 12.00 बजे तक |
| 5 | नाम वापसी | 04.11.2023 (शनिवार) पूर्वाह्न 01.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक |
| 6 | आम सभा (General Gathering) | 06.11.2023 (सोमवार) पूर्वाह्न 11.00 बजे से आम सभा के समापन तक |
| 7 | मतदान | 07.11.2023 (मंगलवार) पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 02.00 बजे तक |
| 8 | चुनाव परिणाम की घोषणा एवं शपथ ग्रहण | 07.11.2023 (मंगलवार) अपराह्न 03.00 बजे से शपथ ग्रहण समारोह के समापन तक |

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव